सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 30 जून, 2022

काली सूची में दर्ज करने हेतु अग्रतर कार्रवाई की जायेगी । पथ का आवागमन चालू है । यह पथ मुख्यमंत्री सुलभ सम्पर्कता योजना से भी प्रस्तावित है ।

अत: माननीय सदस्य से अनुरोध है कि वर्णित परिस्थिति में इस संकल्प को वापस लेने की कृपा करें ।

श्री छोटे लाल राय : उपाध्यक्ष महोदय, मुख्य सड़क यह हमलोगों का है और कंट्रैक्टर बढ़िया से काम किया ही नहीं पहले से, बूझिये कि वह लूटपाट किया । आग्रह होगा होगा कि कंट्रैक्टर पर पूरा कार्रवाई करें और आप कार्रवाई कीजिये । यही मेरा आग्रह होगा और मैं अपना प्रस्ताव वापस लेता हूँ ।

उपाध्यक्ष : सदन की सहमति से प्रस्ताव वापस हुआ ।

<u>क्रमांक-92 : श्री आलोक कुमार मेहता, स0वि0स0</u>

उपाध्यक्ष : डॉ0 रामानुज प्रसाद प्राधिकृत हैं ।

डॉ0 रामानुज प्रसाद : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि

''यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह समस्तीपुर स्टेशन से भाया बछवाड़ा, पटोरी, पाटलीपुत्रा होते हुए E.M.U. पैसेंजर ट्रेन चलाने हेतु पूर्व मध्य रेलवे से सिफारिश करे ।''

श्रीमती शीला कुमारी, मंत्री : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर स्टेशन से भाया बछवाड़ा, पटोरी, पाटलीपुत्रा होते हुये E.M.U. पैसेंजर ट्रेन चलाने से संबंधित विषय रेल मंत्रालय, भारत सरकार से संबंधित है । इस संबंध में विभागीय पत्रांक-3794 दिनांक-28.6.2022 द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई हेतु महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर से अनुरोध किया गया है ।

अत: माननीय सदस्य से अनुरोध है कि अपना संकल्प लेने की कृपा करें।

डॉ0 रामानुज प्रसाद : मैं अपना संकल्प वापस लेता हूँ धन्यवाद देते हुए ।

उपाध्यक्ष : सदन की सहमति से प्रस्ताव वापस हुआ ।

टर्न-12/आजाद/30.06.2022

<u>क्रमांक-93 : श्री मोतीलाल प्रसाद, स0वि0स0</u>

श्री मोतीलाल प्रसाद : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि

''यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रखण्ड बैरगनिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बैरगनिया में चहारदिवारी का निर्माण करावे । ''

श्री सम्राट चौधरी, मंत्री : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विभागीय पत्रांक-618 दिनांक 02.12.2021 एवं पत्रांक-249 दिनांक 29.06.2022 के द्वारा सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चहारदिवारी का बिहार चिकित्सा सेवा एवं आधारभूत संरचना निगम द्वारा निर्माण हेतु तकनीकी अनुमोदन प्राक्कलन की मांग की गई है ।

अत: माननीय सदस्य से आग्रह है कि वे अपना संकल्प वापस ले लें ।

श्री मोतीलाल प्रसाद : महोदय, शहर के बीच में वह अस्पताल है । इसलिए सरकार से आग्रह होगा कि इसको प्राथमिकता में लायी जाय, जितना शीघ्र हो, इसको बनवा दिया जाय.....

उपाध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, बहुत ही सकारात्मक जवाब दिये हैं ।

श्री मोतीलाल प्रसाद : चूँकि हॉस्पीटल का जमीन बहुत कौस्टली है और गलत मानसिकता वाले उसका अतिक्रमण कर रहे हैं और साथ ही आवारा पशु अनावश्यक उसमें प्रवेश करके व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करते हैं । इसलिए आग्रह होगा कि जितना शीघ्र हो, इसका निर्माण करा दिया जाय । मैं अपना प्रस्ताव वापस लेता हूँ ।

उपाध्यक्ष : सदन की सहमति से यह प्रस्ताव वापस हुआ ।

क्रमांक-94 : श्री शम्भुनाथ यादव, स0वि0स0

( माननीय सदस्य अनुपस्थित )

क्रमांक-95 : श्री ई0 शशि भूषण सिंह, स0वि0स0

श्री ई0 शशि भूषण सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि

''यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली विधान सभा क्षेत्र के सुगौली प्रखण्ड के बगही पंचायत में ग्राम-खण्डी से मुरला पंचायत के गज्जु राऊत के टोला तक ढ़ाई किलोमीटर कच्ची सड़क का पक्कीकरण करावे । ''

श्री जयंत राज, मंत्री : उपाध्यक्ष महोदय, अभिस्तावित पथ की लम्बाई 2.5 कि0मी0 है, जिसके एक छोर पर अवस्थित सिखण्डी बसावट को पी0एम0जी0एस0वाई0 निर्मित पथ टी0-01 से सिखण्डी से एवं दूसरे छोर पर अवस्थित बसावट गुज्जु राय टोला को एम0एम0जी0एस0वाई0 निर्मित एन0एच0-28 से सिसबनिया पोखड़ से सम्पर्कता प्राप्त है । पथ के शेष पथांश में कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण इसे राज्य के किसी कोरनेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है ।

अत: इस पथांश के निर्माण का कोई प्रस्ताव विभाग के पास विचाराधीन नहीं है ।